भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर

<u>विश्व हिंदी दिवस-2018 एक रिपोर्ट</u>

परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के निर्णय के अनुसार भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर में दिनांक 10 जनवरी 2018 को विश्व हिंदी दिवस आयोजित किया गया I जिसका उद्देश्य यह रहा कि विश्व स्तर पर हिंदी भाषा की अंतरराष्ट्रीय मान्यता के लिए विश्ववासियों के मन में जागरुकता पैदा करना है और विदेशों में अनुकूल वातावरण तैयार करना है।

कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथिगण बाएं (प्रो. अनूप कुमार) दाएं (श्री ऋषि कुमार रथ, रजिस्ट्रार)

कार्यक्रम में संस्थान संकायगण, कर्मचारीगण और छात्रगण उपस्थित थे। उपस्थित श्रोताओं को हिंदी संबोधन करते हुए श्री रथ जी ने हिंदी को विश्व भाषा अपनाने की जिज्ञासा व्यक्त की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अनूप कुमार, प्रोफेसर, हिंदी विभाग, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर थे I अपने संबोधन में प्रो. कुमार ने हिंदी को विश्व भाषा बनाने का कारण बताया और संदेश दिया कि राजभाषा हिंदी को हर क्षेत्र में ज्यादा से ज्याद व्यवहार करें ताकि हिंदी विश्व में प्रथम स्थान पर रहें।

<u>०००-०००</u>